# भूदान-ग्रामदान आंदोलन

## प्रलिम्सि के लिये:

[विनोबा भावे](), [महात्मा गांधी](), **स्वतंत्रता संग्राम, अहिंसा का दर्शन, स्वशासन।**

## मेन्स के लिये:

भूदान-ग्रामदान आंदोलन और स्वतंत्रता के बाद इसका प्रभाव।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में महाराष्ट्र के एक गाँव ने ग्रामदान अधिनियम को लागू करने की मांग को लेकर बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया।

## ग्रामदान:

- **भूदान आंदोलन:**
  - **पृष्ठभूमि:**
    - यह भारत में वर्ष 1951 में **विनोबा भावे** द्वारा शुरू किया गया एक सामाजिक- राजनीतिक आंदोलन था।
    - विनोबा भावे, **महात्मा गांधी** के शिष्य थे, जिन्हें **गांधीजी ने पहले व्यक्तिगत सत्याग्रही के रूप में चुना** और **उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम** में सक्रिय रूप से भाग लिया।
    - स्वतंत्रता के बाद उन्होंने महसूस किया कि भूमिहीन का मुद्दा ग्रामीण भारत के सामने एक बड़ी समस्या है और वर्ष 1951 में उन्होंने **भूदान आंदोलन या भूमि उपहार आंदोलन** शुरू किया।
  - **उद्देश्य:**
    - उनका उद्देश्य **धनी ज़मींदारों को भूमिहीन किसानों को अपनी भूमि का एक हिस्सा दान करने के लिये** राजी करना था।
    - जब भावे ने गाँव-गाँव घूमकर **ज़मींदारों से अपनी ज़मीन दान करने** का अनुरोध किया तो आंदोलन को गति मिली।
    - भावे का दृष्टिकोण **अहिंसा के दर्शन** में निहित था तथा उनका यह विचार था कि भू-स्वामियों को गरीबों हेतु करुणा एवं सहानुभूति के साथ अपनी भूमि दान करनी चाहिये।
- **ग्रामदान आंदोलन:**
  - **भूदान आंदोलन का अगला चरण ग्रामदान आंदोलन या ग्राम उपहार आंदोलन** था।
  - इसका उद्देश्य भूमि के सामूहिक स्वामित्व के माध्यम से आत्मनिर्भर गाँव बनाना था।
  - ग्रामदान आंदोलन के तहत ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे अपनी **भूमि एक ग्राम परिषद को दान करें, जो ग्रामीणों को भूमि का प्रबंधन एवं वितरण करेगी।**
  - इस आंदोलन को **कई राजनीतिक नेताओं का समर्थन मिला** तथा इसे ग्रामीण भारत में **भूमि के असमान वितरण की समस्या के समाधान के रूप में देखा गया।**
- **आंदोलन का महत्त्व:**
  - यह आंदोलन भारत के कई हिस्सों में सफल रहा, **हज़ारों एकड़ भूमि ज़मींदारों द्वारा दान की गई।**
  - भूदान-ग्रामदान आंदोलन का भारतीय समाज एवं राजनीति पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, इसने **भूमिहीनता की स्थिति को कम करने, भूमि का अधिक समान वितरण करने** तथा **आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण समुदायों के सशक्तीकरण में मदद** की।
  - इसने **समुदाय में सभी को समान अधिकार एवं ज़िम्मेदारियाँ** देकर तथा समुदायों को **स्वशासन** की ओर बढ़ने हेतु सशक्त बनाकर **प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया।**
- **कमियाँ:**
  - **यह दान की गई भूमि या तो अनुपजाऊ या मुकदमेबाज़ी के अधीन होती थी।**
    - साथ ही भूमि के बड़े क्षेत्रों को दान किया गया था, जबकि भूमिहीनों के बीच बहुत कम वितरित किया गया था।
  - **यह उन क्षेत्रों में सफल नहीं हुआ जहाँ भूमि जोत में असमानता थी।**
  - साथ ही यह आंदोलन अपनी क्रांतिकारी क्षमता को उजागर करने में भी विफल रहा।

## ग्रामदान अधिनियम का वर्तमान परिदृश्य:

- **विभिन्न राज्यों में ग्रामदान अधिनियम:**
  - वर्तमान में भारत के सात राज्यों में **3,660 ग्रामदान गाँव हैं,** जिनमें से सबसे अधिक ओडिशा (1309) में हैं।
    - अन्य छह राज्य आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश हैं।
  - सितंबर 2022 में असम सरकार ने राज्य में दान की गई भूमि पर अतिक्रमण का सामना करने हेतु **असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2022 पारित करके असम ग्रामदान अधिनियम, 1961 तथा असम भूदान अधिनियम, 1965** को निरस्त कर दिया।
    - उस समय तक असम में 312 ग्रामदान गाँव थे।
- **ग्रामदान अधिनियम की कुछ सामान्य विशेषताएँ:**
  - गाँव के कम-से-कम 75% भूस्वामियों को ग्राम समुदाय को भूमि का स्वामित्व प्रदान करना देना चाहिये। ऐसी भूमि गाँव की कुल भूमि का कम-से-कम 60% होनी चाहिये।
  - दान की गई भूमि का 5% खेती के लिये गाँव में भूमिहीनों में वितरित कर दिया जाता है।
    - ऐसी भूमि प्राप्तकर्त्ता **समुदाय की अनुमति के बिना उसे हस्तांतरित नहीं** कर सकते।
  - शेष भूमि दाताओं के पास रहती है; वे और उनके वंशज इसका उपयोग कर सकते हैं।
    - हालाँकि वे इसे गाँव के बाहर अथवा गाँव में किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बेच सकते हैं जो ग्रामदान में शामिल नहीं हुआ है।
  - ग्रामदान में शामिल सभी काश्तकारों को अपनी आय का 2.5% हिस्सा समुदाय हेतु देना अपेक्षित है।
- **चिंताएँ:**
  - मुख्य रूप से **कानून के खराब कार्यान्वयन के कारण** कई गाँवों में इस अधिनियम की प्रासंगिकता खत्म हो गई है।
  - ग्रामदान के तहत कुछ गाँवों में अपनी ज़मीन देने वालों के वंशज निराश हैं कि वे गाँव के बाहर अपनी ज़मीन नहीं बेच सकते हैं और **उनके अनुसार यह अधिनियम 'विकास विरोधी' है।**

## वन संरक्षण में इस अधिनियम का महत्त्व:

- ग्रामदान अधिनियम स्थानीय समुदायों को वनों सहित उनके प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण करने के लिये सशक्त बनाकर **सामुदायिक वन अधिकार सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है।**
- ग्रामदान अधिनियम के तहत भूमि और अन्य संसाधन समुदाय में निहित हैं, जिसका अर्थ है कि **समुदाय के पास यह निर्णय लेने की शक्ति है** कि इन संसाधनों का उपयोग और प्रबंधन कैसे किया जाता है और इस प्रकार उन्हें वन प्रबंधन तथा उनके सतत उपयोग से लाभ मिलता है।
- सामुदायिक वन अधिकारों के संदर्भ में ग्रामदान अधिनियम समुदायों को वन भूमि और संसाधनों पर **अधिकारों का दावा करने के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान** कर सकता है।

**UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न**

**??????????:**

**प्रश्न. 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' में विनोबा भावे को पहले सत्याग्रही के रूप में चुना गया था। दूसरा कौन था? (2009)**

(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(b) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(c) सी. राजगोपालाचारी
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**उत्तर: (b)**

---

**??????:**

**प्रश्न. आचार्य विनोबा भावे के भूदान और ग्रामदान आंदोलनों के उद्देश्यों की समालोचनात्मक विवेचना कीजिये और उनकी सफलता का आकलन कीजिये। (2013)**

## स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhoodan-gramdan-movement